सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
DGR Detective Group Report
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 94 | इंदौर, शुक्रवार 17 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 21वीं सदी 140 करोड़ हिंदुस्तानियों की होगी : मोदी



**नंदयाल/कुर्नूल, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आंध्रप्रदेश के कुर्नूल में 13,430 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि 2047 में जब आजादी के 100 साल होंगे तब भारत 'विकसित भारत' बन चुका होगा। मैं दावे से कहता हूं कि 21वीं सदी हिंदुस्तान की,140 करोड़ हिंदुस्तानियों की सदी होने वाली है। आज दुनिया, भारत को 21वीं सदी के नए मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में देख रही है। इस सफलता का सबसे बड़ा आधार है, आत्मनिर्भर भारत का विजन। हमारा आंध्र प्रदेश आत्मनिर्भर भारत का प्रमुख केंद्र बन रहा है। इसके पहले मोदी नांदयाल पहुंचे। मोदी ने यहां श्रीशैलम में भ्रामराम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में दर्शन,पूजा और ध्यान किया। ये मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों और 52 शक्तिपीठों में शामिल है। यह एकमात्र मंदिर है, जहां ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ दोनों है। इसके बाद पीएम मोदी श्रीशैलम में श्री शिवाजी स्फूर्ति केंद्र पहुंचे और वहां पूजा-अर्चना की।

1. **Donald Trump: 'हमास ने अगर कत्लेआम जारी रखा, तो हमें कार्रवाई करनी होगी'; ट्रंप ने दी साफ चेतावनी**
2. **Bihar Election: पहले चरण के नामांकन का आखिरी दिन; NDA के प्रत्याशी तय, महागठबंधन में सिर्फ कांग्रेस की सूची आई**

### बिहार में कांग्रेस पर गरजे सीएम डॉ. मोहन यादव, बोले-

# देश के सम्मान की खातिर एनडीए की सरकार जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव के तहत कुम्हरार और विक्रम विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में भारत को दुनिया में मान-सम्मान के साथ आगे बढ़ाने के लिए एनडीए की सरकार जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा 'सबका साथ-सबका विकास' केवल नारा नहीं, बल्कि धरातल पर उतरा हुआ संकल्प है।**



यादव ने कुम्हरार विधानसभा से प्रत्याशी संजय गुप्ता और विक्रम विधानसभा से प्रत्याशी सिद्धार्थ सौरभ के नामांकन दाखिल कराए। इसके बाद कदमकुआं और पार्वती विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभाओं में उन्होंने जनता से एनडीए प्रत्याशियों को रिकॉर्ड मतों से जिताने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीए की सरकार ने बिहार को विकास का मॉडल बनाया है। 2004-2005 से पहले बिहार डकैतों और जंगलराज के दौर से गुजर रहा था। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की नीतियों ने बिहार को पिछड़ा रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को विकास की नई दिशा मिली है। केंद्र सरकार ने बिहार के विकास के लिए 13 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी है। डॉ. यादव ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उसने सेना, लोकतंत्र और भगवान राम का अपमान किया है। राहुल गांधी विदेशों में देश की छवि खराब करते हैं, जबकि भाजपा की सरकार ने आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से गरीबों के जीवन में सुधार लाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर का सपना साकार हुआ है, जो सदियों से करोड़ों हिंदुओं की आस्था का प्रतीक था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना केवल भाजपा और एनडीए में है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100वीं वर्षगांठ का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संघ पारस की तरह है, जो व्यक्ति को सोना बना देता है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे मतदान के दिन एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में वोट दें। उन्होंने कहा कि जिस तरह भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल की 100 गालियां सह ली थीं, उसी तरह विरोधियों की बातों को नजरअंदाज करें और वोट के सुदर्शन चक्र से विजय का मार्ग प्रशस्त करें।

## शहबाज शरीफ बोले- तालिबान का हमला भारत की शह पर

### टू फ्रंट वॉर की तैयारी में मुनीर की सेना, फिर 'हॉट टॉक' करने लगा PAK

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अफगानिस्तान के साथ लड़ाई में दर्जनों सैनिकों को गंवाने के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आखिरकार इंडिया वाला एंगल चल ही दिया. शहबाज शरीफ ने कहा है कि अफगानिस्तान ने 'भारत के इशारे पर' पाकिस्तान पर हमला किया, क्योंकि ये हमले तब हुए जब अफगानिस्ता के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी दिल्ली में थे. वहीं पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अब टू फ्रंट वॉर की बात कर रहे हैं. ख्वाजा आसिफ ने हवाई किले गढ़ते हुए कहा कि भारत फिर से जंग छेड़ सकता है और पाकिस्तान इसके लिए तैयार है. ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अब अफगानिस्तान और भारत से एक साथ युद्ध की तैयारी कर रहा है. अफगानिस्तान और पाकिस्तान की ताजा जंग हाल के दिनों में दोनों मुल्कों के बीच सबसे भयंकर खूनी टकराव है. इस लड़ाई में पाकिस्तान के दर्जनों सैनिक मारे गए हैं. बौखलाए पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कई शहरों में एयर स्ट्राइक किया है. इससे कई नागरिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचा हैं.

### कचरे से मिला सबूत

# घर जाकर किया 2500 का चालान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम कमिश्नर दिलीप कुमार यादव गुरुवार को शहर में विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे। उन्होंने राजवाड़ा, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला, अवंतिका नगर, स्कीम नंबर 51, संगम नगर और अन्य जगहों की सफाई की स्थिति का जायजा लिया।**



दीपावली पर्व के दौरान निकलने वाले ज्यादा कचरे को ध्यान में रखते हुए नगर निगम आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को ज्यादा संसाधन (सफाईकर्मी, गाड़ियां, मशीनरी) लगाने को कहा, ताकि पर्व के दौरान शहर की स्वच्छता व्यवस्था निर्बाध रूप से बनी रहे। राजवाड़ा और जवाहर मार्ग इलाके में सफाई व्यवस्था को देखा। इसके बाद वे झोन क्रमांक 4 के अंतर्गत अवंतिका नगर, स्कीम नंबर 51, संगम नगर इलाके में पहुंचे। स्कीम नंबर 51 में मेन रोड पर सड़क किनारे लंबे समय से खड़ी गाड़ियों को तुरंत हटाकर क्षेत्र में सफाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद वे पावर हाउस वाली मेन रोड पर सड़क किनारे कचरा मिलने पर झोन के स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई और दरोगा पर नाराज हुए और सफाई व्यवस्था में सुधार लाने को कहा। साथ ही संगम नगर तिराहे के मेन रोड पर फुटपाथ पर बने अस्थायी शेड और अतिक्रमण को दीपावली पर्व के बाद हटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त की टीम को एक खाली प्लाट पर कचरा पड़ा मिला। कचरे की जांच कराई तो उसमें बिल और शादी की पत्रिका मिली, जिसके आधार पर कचरा फेंकने वालों की पहचान की गई। सबूत के आधार पर अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया निगम की टीम के साथ भवन स्वामी नीलम गर्ग के पहुंचे। इस पर नीलम गर्ग के खिलाफ ढ़ाई हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई और घर से दूर खाली प्लाट पर फेंक गए कचरे को वापस देकर फिर से सेग्रीगेशन कर डोर-टू-डोर वाहन को देने को कहा। इसके साथ ही मुकेश गुप्ता संगम नगर द्वारा पानी ढोलकर खुले में गंदगी करने पर 3 हजार की और कैलाश जुलानिया स्कीम नंबर 51 द्वारा कचरा फेंकने पर 500 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त ने खड़े गणपति से स्कीम नंबर 51 होते हुए टिगरिया बादशाह तक निर्माणाधिन रोड का दौरा किया और दीपावली त्योहार के बाद रोड को तेज गति से बनाने को कहा।

# रिहायशी इलाके में आई नील गाय अमले ने पकड़ कर चिड़ियाघर भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रिहायशी इलाके विजय नगर के एक बगीचे में लोगों ने नीलगाय को देखा। उसे देखने के लिए भीड़ जुट गई। इस बीच लोगों ने चिड़ियाघर प्रबंधन को सूचना दी। अमले ने मौके पर आकर नील गाय को पकड़ कर पिंजरे में रखा और चिड़ियाघर में रखा। उसका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। अफसरों का कहना है कि सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में जंगली जानवर देखे जाते है। संभावना है कि भोजन की तलाश में नील गाय विजय नगर क्षेत्र की तरफ आ गई हो।**



परीक्षण के बाद चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने कहा कि नील गाय स्वस्थ्य है। उसे किसी भी तरह की चोट के निशान नहीं है। उसकी उम्र आठ माह है। कुछ समय के लिए उस निगरानी के लिए चिड़ियाघर में रखा जाएगा। इसके बाद उसे फिर जंगल में छोड़ दिया जाएगा। इंदौर में जंगली जानवरों के आने का मामला नया नहीं है। इससे पहले तेंदुएं भी आ चुके है। एरोड्रम रोड और बायपास की कॉलोनी शिवशक्ति नगर में तेंदुएं आ गए थे। जिन्हें वन विभाग की टीम ने बेहोश कर पकड़ा था। इसके अलावा महू में बाघ भी बकरी और गाय की शिकार कर चुका है। इसके अलावा एक बुर्जुग की भी जान बाघ ने ली थी। बायपास की दो टाउनशिपों में सियार और तेंदुए देखे गए है। उन्हें पकड़ने के लिए वन विभाग ने दो दिन से पिंजरे लगाए है। रहवासी टाउनशिपों से जानवरों को भगाने के लिए पटाखे भी फोड़ रहे है।

# निगमायुक्त से मिले एबीवीपी पदाधिकारी, सौंपा ज्ञापन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एबीवीपी इंदौर महानगर ने नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव से नवलखा से भंवरकुआं रोड की सर्विस रोड पर स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगाने और निर्भर सिंह कॉलेज के सामने जर्जर रोड की मरम्मत करने की मांग की। इसके लिए गुरुवार को प्रतिनिधि मंडल नगर निगम आयुक्त से मिला और ज्ञापन सौंपा।**

अभाविप के महानगर मंत्री देवेश गुर्जर ने बताया कि यह रास्ता देवी अहिल्या विश्वविद्यालय को और विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल को जोड़ता है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में छात्राएं कॉलेज आने-जाने के लिए इस सड़क का उपयोग करती है। शाम के समय इस क्षेत्र में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था न होने के कारण रास्ते पर पूरा अंधेरा रहता है। कई बार असामाजिक तत्वों द्वारा छात्राओं से छेड़छाड़, टिप्पणी और पीछा करने जैसी घटनाएं भी हो चुकी है, जिससे छात्राओं में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। विश्वविद्यालय परिसर के आसपास का यह इलाका छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए यहां सीसीटीवी कैमरे और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था तत्काल की जानी चाहिए। साथ ही निर्भय सिंह कॉलेज के सामने की सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है, जहां बड़े-बड़े पत्थर हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। यह सड़क देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पीछे वाले गेट और गवर्नमेंट लॉ कॉलेज को जोड़ती है, इसलिए इसका निर्माण कार्य भी अत्यावश्यक है।

# किन्नर विवाद में पुलिस ने लिया सपना गुरु को हिरासत में

## जहर पीने वाले किन्नरों की हालत स्थिर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। किन्नरों के जहर पीने के मामले में पुलिस ने दूसरे गुट की किन्नर सपना गुरू को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही उसके साथी राजा हाशमी, मीडिया से जुड़े अक्षय कुमायू और पंकज जैन को पुलिस तलाश रही है। इन पर आरोप है कि ये पीड़ित किन्नरों को लंबे समय से परेशान कर रहे थे।**



घटना बुधवार शाम नंदलालपुरा इलाके में हुई। यहां 24 किन्नरों ने एक साथ जहर पी लिया। इसके बाद किन्नरों ने जवाहर मार्ग पर और एमवाय अस्पताल में हंगामा भी किया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सभी को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि अभी सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। दो गुटों में आपसी विवाद के कारण ऐसा करना बताया गया। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि किन्नर सोना मंगला गोरी और नंदगिरी महामंडलेश्वर की शिकायत पर पुलिस ने देर रात सपना हाजी, राजा हाशमी, अक्षय कुमायू और पंकज जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़ितों के अनुसार, उनके चेले लगातार चारों आरोपियों द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जा रहे थे। इसी वजह से बुधवार रात 24 किन्नरों ने फिनायल पी लिया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि घटना के समय वे स्वयं घर पर मौजूद नहीं थे। एमवाय अस्पताल पहुंचने पर उन्हें इसकी जानकारी मिली। मामले में गुरुवार को विधायक गोलू शुक्ला, रमेश मेंदोला और नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा कमिश्नर संतोष सिंह से मिले। इस बीच लोगों ने उन्हें रोक लिया और कहा कि सपना दीदी पर लगाए गए आरोप झूठे हैं, उन्हें रिहा किया जाए। उन्होंने बताया कि सपना दीदी सभी की मदद करती हैं। इसके बाद लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी की। इस पर विधायकों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया और वहां से रवाना हो गए। एडिशनल डीसीपी राम स्नेही मिश्रा ने बताया कि आज भाजपा के जनप्रतिनिधि मिले थे। किन्नरों द्वारा एक-दूसरे पर लगाए गए आरोपों से जुड़े कुछ तथ्यों को सामने रखे गए, जिनकी पुष्टि की जा रही है। जो भी सबूत मिलेंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सभी जांचों को नए सिरे से संज्ञान में लिया गया है। किन्नरों का आरोप है कि कुछ समय पहले सम्मेलन के लिए जब सोना, अंकिता, कल्पना, सिमरन, शिमला और कुंवर ने गुरु सपना और राजा से धरोहर की राशि मांगी, तो उन्होंने मारपीट की और धमकाया कि अगर दोबारा पैसे मांगे तो पुलिस में झूठी शिकायत कर देंगे। इसके बाद सपना और राजा खुद ही उनसे रुपए मांगने लगे। लगातार दबाव और डर के कारण चेलों ने आत्महत्या की कोशिश की। बुधवार रात हंगामे के बीच हीरानगर पुलिस सपना के एमआर 10 स्थित घर दो बार पहुंची। पहली बार बातचीत कर लौटी, लेकिन देर रात एफआईआर दर्ज होने और गिरफ्तारी की मांग के बाद रात 1 बजे सपना को हिरासत में लेकर महिला थाने भेजा गया। घटना के समय वह घर पर ही थी। राजा हाशमी कई महीनों से इंदौर में नहीं है, जबकि अक्षय कुमायू और पंकज जैन एफआईआर दर्ज होते ही फरार हो गए हैं।

# एक ही दिन में इंदौर में 4300 से अधिक वाहनों की खरीदारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** त्योहारी सीजन के सबसे शुभ माने जाने वाले पुष्य नक्षत्र पर बुधवार को इंदौर के ऑटोमोबाइल बाजार में धन की वर्षा हुई। शहरवासियों ने इस मौके का भरपूर लाभ उठाते हुए जमकर नए वाहनों की खरीदारी की। एक ही दिन में इंदौर में 4300 से अधिक वाहन बिके, जिनकी कुल कीमत 178 करोड़ रुपये से भी ज्यादा है। अब डीलरों को धनतेरस और दिवाली पर इससे भी बड़े कारोबार की उम्मीद है।

इंदौर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के सचिव विशाल पमनानी के अनुसार, पुष्य नक्षत्र के एक ही दिन में 1500 से ज्यादा कारें और 2800 से ज्यादा दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई। ज्यादातर लोगों ने पहले से ही अपनी पसंदीदा गाड़ी बुक कर ली थी और शुभ मुहूर्त पर सिर्फ डिलीवरी लेने के लिए शोरूम पहुंचे। बिके हुए वाहनों में सामान्य मॉडलों से लेकर डेढ़ करोड़



रुपये की बीएमडब्ल्यू जैसी लग्जरी कारें भी शामिल थीं। पमनानी ने बताया कि बिकी हुई कारों की औसत कीमत 10 लाख रुपये के हिसाब से लगभग 150 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। वहीं, दोपहिया वाहनों की औसत कीमत 1 लाख रुपये के हिसाब से 28 करोड़ रुपये की बिक्री हुई। इस तरह, कुल मिलाकर एक ही दिन में 178 करोड़ रुपये के वाहन बिके। बाजार में इस तेजी का एक बड़ा कारण जीएसटी दरों में कटौती और कंपनियों द्वारा दिए जा रहे आकर्षक ऑफर्स हैं। सरकार द्वारा जीएसटी की दरें 28% से घटाकर 18% करने से वाहनों की कीमतों में हजारों से लेकर लाखों रुपये तक की कमी आई है। इसके अलावा, कंपनियां भी ग्राहकों को लुभाने के लिए कई तरह के डिस्काउंट दे रही हैं, जिससे लोगों का उत्साह बढ़ा है और बिक्री में इजाफा हुआ है।

### दिवाली तक जारी रहेगी रौनक

गणेश उत्सव से शुरू हुआ त्योहारी सीजन ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए बेहद शानदार साबित हो रहा है। नवरात्रि, दशहरा और अब पुष्य नक्षत्र पर हुई बंपर बिक्री के बाद यह सिलसिला दिवाली तक जारी रहने की उम्मीद है। वाहन डीलरों का अनुमान है कि इस साल पिछले वर्षों की तुलना में वाहनों की बिक्री में 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है।

# साइकिल शोरूम में अकाउंटेंट युवती से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में एक साइकिल शोरूम पर काम करने वाली युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने शोरूम के ही दो कर्मचारियों पर अश्लील हरकतें करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। सेंट्रल कोतवाली पुलिस के अनुसार, 29 वर्षीय युवती साइकिल शोरूम में अकाउंटेंट और मैनेजमेंट का काम करती है। युवती ने शिकायत में बताया कि आरोपी अमजद और शुभम काम के दौरान उसके साथ अश्लील इशारे करते थे और कमेंट्स करते थे। जब उसने विरोध किया तो दोनों ने उसे धमकाया। इसके बाद युवती ने थाने पहुंचकर दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। इसी शोरूम के कर्मचारियों अमजद और शुभम के खिलाफ एक अन्य मामला भी दर्ज हुआ है। वीर सावरकर नगर निवासी हनी इशरानी और उनके पिता अमरलाल इशरानी ने भी दोनों पर मारपीट का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, शोरूम बंद होने के बाद जब हनी और उनके पिता घर जा रहे थे, तभी अमजद और शुभम वहां पहुंचे और विवाद करने लगे। बात बढ़ने पर उन्होंने धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों मामलों में कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग एफआईआर दर्ज की है। फिलहाल दोनों की जांच जारी है।

# राजवाड़ा में दुकान लगाने को लेकर चले लात-घूंसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** राजवाड़ा पर मारपीट का वीडियो पिछले दिनों सुर्खियों में रहने के बाद गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक और वीडियो वायरल हो गया। यह वीडियो भी राजवाड़ा के इलाके का बताया जा रहा है। इसमें महिला और पुरुष आपस में मारपीट करते नजर आ रहे हैं।

इस मामले में अभी तक कोई थाने तक शिकायत नहीं पहुंची है, लेकिन पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच में जुटी है। वीडियो ठीक किस जगह का है, यह भी स्पष्ट नहीं हुआ है, फिर भी सोशल मीडिया पर इसे राजवाड़ा का बताया जा रहा है। गुरुवार को सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो सामने आया, जिसमें महिला और पुरुष आपस में जमकर मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। मारपीट के दौरान चीख-पुकार मची हुई है। आसपास के लोग भी इस घटना को देखकर गुजर रहे हैं। बताया जा रहा है कि दुकान लगाने को लेकर विवाद हुआ है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। इस मामले में एसपी सराफा सर्कल हेमंत चौहान ने बताया कि एक वीडियो सामने आया है, इस मामले में थाने पर कोई शिकायत नहीं हुई है, मगर वीडियो के आधार पर इसकी तस्दीक कराई जा रही है।

# मुंबई के युवक ने इंदौर के होटल में किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर। छोटी ग्वालटोली इलाके की उदय पैलेस होटल में मुंबई के एक युवक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। घटना बुधवार शाम की है मोबाइल बंद होने के बाद उनकी महिला मित्र उन्हें ढूंढती हुई होटल पहुंची थी।**

इसके बाद उन्होंने होटल के स्टाफ को इसकी जानकारी दी। दरवाजा अंदर से लॉक था। बाद में पुलिस की मौजूदगी में रूम का दरवाजा खोला गया तो युवक का शव फंदे पर लटका था। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान वैभव(30) पुत्र प्रदीप मूलचंदानी मुंबई के रूप में हुई है। 2 अक्टूबर से इंदौर के होटल में रुका था। वह जॉब ढूंढने यहां आया था। वही कुछ समय पहले तक एक बीपीओ में ट्रेनिंग का काम करता था। मार्च में उसकी जॉब छूट गई थी। इसके बाद से वह डिप्रेशन में चल रहा था। उसके परिवार में माता पिता है। वह उनका इकलौता बेटा था। वैभव के पिता मुंबई में एक स्टोर में काम करते है। वैभव के साथ बीपीओ में उसकी महिला मित्र काम करती थी। कुछ समय पहले महिला मित्र की गुजरात की कंपनी में जॉब लग गई थी। लेकिन मां की तबीयत खराब होने के चलते वह इंदौर आ गई थी। वैभव के पास भी मार्च से काम नही था। महिला मित्र के कहने पर वह इंदौर आ गया था। मंगलवार को वैभव ने मोबाइल पर अपनी महिला मित्र से फायनेंशियल प्राब्लम की बात शेयर की थी। उसने बताया था कि उसके पास होटल के रूम के किराया देने के लिए भी रूपए नही है। वह माता पिता पर बोझ नही बनना चाहता था। वैभव का इसके बाद से मोबाइल बंद आ रहा था। मंगलवार शाम को महिला मित्र होटल पहुंची थी। लेकिन वह यहां नही मिला। दूसरे दिन सुबह से भी महिला मित्र उसे कॉल कर रही थी। लेकिन वैभव का मोबाइल स्विच आफ था। हालांकि पुलिस ने वैभव का मोबाइल जब्त किया है। सुसाइड नोट को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

# कंपनी का सुपरवाइजर बनकर लोगों से ठगी करने वाला गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)




**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने एक निजी कंपनी का सुपरवाइजर बनकर लोगों से ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने चार से अधिक लोगों से करीब 19 लाख रुपए हड़प लिए थे। इस मामले में पहले भी कार्रवाई की जा चुकी थी, जिसके बाद पुलिस ने अब एफआईआर दर्ज की है।

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि आवेदक योगेंद्र सिंह पूनिया, रानू सोलंकी, दीपक यादव और प्रदीप जटाले ने लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया कि सुमन शर्मा नामक व्यक्ति खुद को विविड मैनेजमेंट हब इंडिया, शगुन टॉवर का सुपरवाइजर बताकर मिला था। उसने बताया कि उसकी कंपनी आरबीएल बैंक और इंडसइंड बैंक के क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि वसूली का काम करती है।

सुमन ने निवेशकों को यह कहकर लालच दिया कि वह कस्टमर के बिल रोटेशन के जरिए भरवाता है, जिससे करीब 1.20% का मुनाफा होता है। इसी झांसे में आकर महेश यादव ने अपने क्रेडिट कार्ड में निवेश किया और अपने परिचितों से भी निवेश करवाया। शुरुआत में विश्वास जीतने के लिए सुमन ने लगभग 14.64 लाख की राशि मुनाफे सहित वापस की, लेकिन बाद में 19.17 लाख की रकम नहीं लौटाई। जब पीड़ितों ने पैसे मांगे, तो उन्हें धमकाने लगा। पीड़ितों ने इस संबंध में ईओडब्ल्यू में शिकायत की, जिसके बाद जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने सुमन शर्मा को गिरफ्तार किया है। फिलहाल उसके अन्य साथियों और संबंधित लोगों से पूछताछ जारी है।

## साक्षात्कार 29 और 30 अक्टूबर को

**इंदौर।** कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इन्दौर अंतर्गत चीफ/डिप्टी/असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स के पदों हेतु प्राप्त आवेदनों में से पात्र पाये गये अभ्यर्थियों का 29 अक्टूबर से 30 अक्टूबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, इन्दौर में साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। विस्तृत सूची मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय इन्दौर की वेबसाईट तथा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला एवं सत्र न्यायालय एवं जिला अभिभाषक संघ, इन्दौर के सूचना पटल पर चस्पा है।

# राजवाड़ा इलाके में की सफेद मार्किंग... इसके अंदर ही लगेगी दुकानें



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** त्योहारों के दौरान इंदौर के राजवाड़ा इलाके में दुकानों के बाहर सफेद रंग की मार्किंग की गई है। इन सफेद मार्किंग की सीमा के अंदर ही दुकानदारों, स्ट्रीट वेंडर्स को अपनी दुकान लगाने की अनुमति रहेगी। इसके साथ ही पार्किंग के बोर्ड भी लगाए गए है, ताकि लोग पार्किंग में ही अपनी गाड़ी खड़ी करें। राजवाड़ा पर लगने वाली दुकानों के चलते बड़ी संख्या में लोग यहां खरीदारी करने पहुंचते है, जिसके चलते यहां ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता है। इसे देखते हुए बुधवार से ही ट्रैफिक पुलिस ने कार,ई-रिक्शा, ऑटो और सिटी बस की एंट्री पर दोपहर 12 से रात 12 बजे तक बंद कर दी है।



# मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन से दोगुनी होगी पशुपालक किसानों की आय : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## प्रदेश में चलाया गया दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान

● गोवर्धन पर्व सांस्कृतिक परम्पराओं के अनुरूप मनाया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गो-माता और गो-पालन का हमारी सनातन संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। जो गो-पालन करता है वह गोपाल है और जहां गो-पालन होता है वह घर गोकुल है। गो-संरक्षण एवं संवर्धन सरकार की उच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सरकार समाज के सहयोग से निरंतर कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाकर पशुपालक किसानों की आय को दोगुना किया जाएगा। मध्यप्रदेश अपनी प्राकृतिक संपदा के साथ गो-वंश से समृद्ध राज्य है। देश के दुग्ध उत्पादन का लगभग 9प्रतिशत मध्यप्रदेश में होता है। हमारी सरकार का लक्ष्य है इसे 20 प्रतिशत तक ले जाना। इसके लिए प्रदेश के गांव-गांव में दुग्ध समृद्धि संपर्क चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पशु चिकित्सक घर-घर जाकर पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के विभिन्न आधुनिक तरीकों, पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पशु पोषण आदि के संबंध में जानकारी दे रहे हैं। प्रदेश में वर्ष 2024-25 को गो-संरक्षण एवं संवर्धन वर्ष के रूप में मनाया गया।



### प्रदेश में चलाया गया दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत गांव गांव में घर-घर जाकर पशुपालकों को पशुओं में नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, पशुओं के टीकाकरण, उनकी स्वास्थ्य रक्षा, संतुलित पशु आहार, पशु पोषण आदि के बारे में तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी दी गई। पशुपालकों को उपलब्ध संसाधनों में कम खर्च पर अधिक दूध उत्पादन करने और ज्यादा लाभ कमाने के बारे में जागरूक किया गया। अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा 10 या अधिक गौवंश–भैंस वंश पालने वाले पशुपालकों से संवाद करने के लक्ष्य अनुसार समस्त जिलों में तीन लाख 70 हजार से अधिक पशुपालकों से उनके घर पहुंचकर भेंट की और उन्हें पशुपालन के संबंध में जानकारी दी, साथ ही उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया।

अभियान के दौरान मुख्य फोकस पशुओं के दुग्ध उत्पादन को बढ़ाकर पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने पर रहा. अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मंत्रीगण, सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि, संभागीय आयुक्त, जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों और समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर पशुपालकों से भेंट की गई और उन्हें दूध उत्पादन और पशुपालन से ज्यादा लाभ उठाने के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई एवं पशुपालकों के अनुभव भी साझा किए गए। किसानों और पशुपालकों ने भी उत्साहपूर्वक इस अभियान में सहभागिता की।

### हर जिले में मनाया जाएगा गोवर्धन पर्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 21 अक्टूबर को गोवर्धन पर्व लोक अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनाया जाए। आयोजन में गौशालाओं तथा पशुपालकों को विशेष रूप से सहभागी बनाया जाए। साथ ही गोवर्धन पर्व पर पशुपालन तथा दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां दर्ज करने और नवाचार करने वाले उद्यमियों को सम्मानित भी किया जाएगा। प्रदेश की गौ-शालाओं में गोवर्धन पर्व का सामुदायिक आयोजन होगा। गोवर्धन पर्व का मुख्य आयोजन रवीन्द्र भवन भोपाल में किया जाएगा, जिसमें गोवर्धन पूजन, परिक्रमा, अन्नकूट भोग मुख्य होगा। इस अवसर पर पशुचारक समुदायों की कला, बरेदी और ढाट्या नृत्य आदि का प्रस्तुतीकरण होगा। कार्यक्रम में जैविक उत्पादक, दुग्ध उत्पाद, गोबर आधारित शिल्प के स्टॉल लगाए जाएंगे, साथ ही पशुपालन, कृषि, सहकारिता विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के लिए विशेष व्यवस्था होगी। इसके साथ ही ग्रामीण आजीविका के लिए दुग्ध उत्पादन और वृंदावन ग्राम योजना के विस्तार के लिए भी गतिविधियों का संचालन होगा। गोवर्धन पर्व पर सभी जिलों में गतिविधियां संचालित की जाएंगी। आंगनवाड़ी केंद्रों में पंचगव्य उत्पाद जैसे घी, दूध, पनीर और दही से बनी सामग्री का वितरण किया जाएगा।

### गो-शालाओं की अनुदान राशि में वृद्धि

मध्यप्रदेश शासन गो-पालन, गो-संवर्धन व गो-वंश के बेहतर व्यवस्थापन के लिए कृत संकल्पित है। राज्य शासन ने गो-शालाओं में गो-वंश के आहार आदि के लिए दी जाने वाली अनुदान राशि को 20 रुपये प्रति गो-वंश प्रतिदिन से बढ़ाकर 40रुपये प्रति गो-वंश प्रतिदिन कर दिया है। गो-शालाओं में उपलब्ध गो-वंश के भरण-पोषण के लिए 2 वर्ष पहले तक 90 करोड़ रूपये का बजट था, जिसे पिछले वर्ष बढ़ा कर 250 करोड रूपये किया गया। वित्त वर्ष 2025-26 में इस राशि को बढ़ा कर 600 करोड़ रूपये कर दिया गया है। गो-वंश के व्यवस्थापन के लिए डीबीटी के माध्यम से अनुदान की राशि सीधे गो-शालाओं के बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। प्रत्येक माह लगभग 50 करोड़ रूपये की राशि गो-शालाओं को अंतरित की जा रही है।

---

बुधनी की वर्धमान फैक्ट्री में दर्दनाक हादसा

## लोहे का ढांचा गिरने से दो मजदूरों की मौत, एक गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी। सीहोर जिले के बुधनी क्षेत्र के पीलीकरार स्थित वर्धमान फैब्रिक्स में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ। फैक्ट्री परिसर में नए बायो मास्क प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा था। ठेका कंपनी एसएस इंजीनियरिंग वर्क्स (नागपुर, महाराष्ट्र) द्वारा यह कार्य कराया जा रहा था। काम के दौरान मजदूर ऊँचाई पर शेड में लोहे की प्लेट फिट कर रहे थे, तभी अचानक एक भारी प्लेट ऊपर से नीचे गिर गई।**

कुछ ही पलों में वहां चीख-पुकार मच गई। तीन मजदूर प्लेट की चपेट में आ गए। साथी मजदूर मदद के लिए दौड़े, लेकिन दृश्य इतना भयावह था कि सबकी आंखें भर आईं। लोहे की प्लेट के नीचे दबे तीन मजदूरों को तत्काल सिविल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद दो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे की हालत गंभीर बताई गई। घायल मजदूर का इलाज निजी अस्पताल में जारी है।

मृतकों की पहचान कुंदन अंसारी पिता रईस (49 वर्ष), निवासी देवरिया, उत्तर प्रदेश तथा संदेश कुमार पिता रघुनाथ प्रसाद कुशवाह (37 वर्ष), निवासी सिवान, बिहार के रूप में हुई है। घायल का नाम दिलनवाज पिता सहमद (19 वर्ष), निवासी गोपालगंज, बिहार बताया गया है। तीनों मजदूर रोज़ी-रोटी की तलाश में सैकड़ों किलोमीटर दूर अपने घरों से निकलकर बुधनी आए थे, पर अब दो की लाशें ही लौटेंगी।

### ठेका कंपनी पर लापरवाही के आरोप

जानकारी के अनुसार यह निर्माण कार्य ठेका कंपनी एसएस इंजीनियरिंग वर्क्स द्वारा कराया जा रहा था। मौके पर मौजूद मजदूरों ने आरोप लगाया कि कार्य स्थल पर कोई सुरक्षा इंतज़ाम नहीं थे। न तो हेलमेट, न बेल्ट और न किसी इंजीनियर की निगरानी। मजदूरों को सिर्फ जल्दबाज़ी में काम पूरा करने का दबाव दिया जा रहा था। यह भी सामने आया कि भारी लोहे की प्लेटों को उठाने के दौरान तकनीकी उपकरणों का सही उपयोग नहीं किया गया। नतीजतन, अचानक संतुलन बिगड़ा और प्लेट नीचे गिर गई। यह हादसा लापरवाही की बड़ी कीमत बन गया।

---

## शिवराज के घर प्रदर्शन, जीतू पटवारी पर एफआईआर

● भोपाल में किसानों के साथ गेहूं की बोरी लेकर पहुंचे थे, बिना अनुमति प्रदर्शन पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। भोपाल में बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बंगले के बाहर प्रदर्शन करने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक पर मामला दर्ज किया गया है। बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन करने पर भोपाल की टीटी नगर पुलिस ने ये कार्रवाई की है। बता दें कि बुधवार दोपहर में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों के साथ केंद्रीय मंत्री कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सरकारी आवाज पर पहुंचे थे। यहां फसलों के दाम सही नहीं मिलने को लेकर प्रदर्शन किया था। किसानों के साथ जीतू पटवारी भी अपने साथ गेहूं की बोरी लेकर पहुंचे। शिवराज के घर के बाहर पहुंचे पटवारी और किसानों को जब अंदर नहीं जाने दिया तो प्रदर्शनकारियों ने शिवराज के घर के सामने सड़क पर ही गेहूं की बोरी उलट दी और वहीं रोड पर बैठ गए। पुलिस ने जब रोकने की कोशिश की तो हल्की झड़प की स्थिति बन गई। दरअसल, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के साथ करीब डेढ़ दर्जन किसान प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे। वहां उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात की और भावांतर योजना, प्याज, धान सहित तमाम फसलों के सही दाम न मिलने को लेकर चर्चा की।



### प्याज के छिलके की तरह सामने लाऊंगा चेहरा...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के घर पर बिना अनुमति प्रदर्शन करने के मामले में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक सहित 20-25 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई है। केस दर्ज होने के मामले में पूर्व मंत्री और कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने शिवराज सिंह चौहान पर पलटवार किया है। मुकेश नायक ने कहा- शिवराज सिंह जी ये मुकदमा दर्ज करके आपने बहुत बड़ी गलती की है। प्याज के छिलके जैसी एक-एक परत निकालकर अगले छह महीने में जनता के बीच में आपका असली चेहरा निकालकर रख दूंगा। ये धमकी नहीं है ये मुकदमा दर्ज करके आपने राजनीति का स्तर नीचे किया है, इसका परिणाम आएगा।

### कचरे से मप्र की गायों की जान गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी**। पहाड़िया में कचरा प्लांट शासकीय गोशाला और ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। कचरा प्लांट से गोशाला की दूरी महज 50 मीटर है। ऐसे में काले पानी से गायों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब तक 108 से ऊपर गायों की मौत हो चुकी है। वहीं गांव के हालात ये हैं कि कुंवारों की शादी तक नहीं हो रही। कचरा प्लांट की गंदगी की वजह से लोग अब यहां के रहवासियों को लड़की देने को भी तैयार नहीं हैं। यहां पर केवल विंध्य के तीन जिलों का अनुबंध होने के बाद भी फेंकने के लिए गैरकानूनी और अवैध रूप से चार राज्यों का कचरा लाया जा रहा है। इसमें यूपी, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्य शामिल हैं।

### प्रधान आरक्षक को 75 हजार रुपये रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**जबलपुर, एजेंसी**। लोकायुक्त ने सिवनी जिले के केवलरी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक को 75 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। प्रधान आरक्षक ने धोखाधड़ी के अपराध में एफआईआर दर्ज करने रिश्वत मांगी थी। लोकायुक्त ने आरोपी प्रधान आरक्षक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त जबलपुर अंजूलता पटले के अनुसार नगर परिषद केवलारी ने सीसी रोड तथा नाली निर्माण को ठेका नितिन पाटकर को दिया था। सिविल ठेकेदार नितिन पाटकर ने सिवनी की राय कंस्ट्रक्शन कंपनी को उक्त कार्य सौंपा था।

## संपादकीय

# 'गुप्त और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों' से याचिकाएं दायर की थीं

चुनाव आयोग ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और योगेंद्र यादव ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को बाधित करने और राजनीतिक दलों के चुनावी हितों के अनुकूल एक नैरेटिव बनाने के लिए 'गुप्त और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों' से याचिकाएं दायर की थीं। चुनाव आयोग ने यह आरोप उस दिन लगाया जब अदालत ने एसआईआर के बाद तैयार मतदाता सूची में हस्तक्षेप की संभावना को लगभग खारिज कर दिया। चुनाव आयोग की ओर से पेश हुए वकील राकेश द्विवेदी ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच को बताया कि जब भी अदालत ने यादव और एडीआर से अनियमितताओं और विसंगतियों के उदाहरण देने को कहा, उन्होंने अदालत को गुमराह करने के लिए गलत और भ्रामक मौखिक दलीलें दीं और तथ्यात्मक रूप से गलत उदाहरण पेश किए। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने चुनाव आयोग पर सबसे अपारदर्शी और बहिष्कारकारी एसआईआर अभ्यासों में से एक का संचालन करने का आरोप लगाया, लेकिन पीठ ने कहा कि वह 4 नवंबर को याचिकाकर्ताओं और चुनाव आयोग को सुनने के बाद एसआईआर की वैधता का निर्धारण करेगी, यानी दो चरण के चुनावों के लिए मतदाता सूचियों को अंतिम रूप देने और फ्रीज करने के बाद। इसका मतलब है कि सुप्रीम कोर्ट एसआईआर द्वारा काटी गई मतदाता सूची में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा। इसमें से लगभग 70 लाख नाम हटा दिए गए थे (65 लाख ड्राफ्ट सूची में और 3.7 लाख अंतिम सूची से) मतदाताओं की मृत्यु, राज्य से स्थायी रूप से बाहर चले जाने या कई निर्वाचन क्षेत्रों में नाम दिखाई देने के कारण। चुनाव आयोग ने कहा कि अंतिम सूची 20 या 21 अक्टूबर को उसकी वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। उसने भूषण द्वारा लगाए गए हर आरोप का जवाब दिया और यादव पर विशेष रूप से कठोर रुख अपनाया, जिन्होंने मतदाता सूची को बहिष्कृत करने वाली बताया था, खासकर महिलाओं और मुस्लिम मतदाताओं के लिए।

## OSHO कहिन

"खुशी का मतलब है बिना किसी शर्त के जीना।"



## महिला जगत

# घंटों अभ्यास- एक शो से लाखों की कमाई

### जानिए कैसी है मैथिली ठाकुर की जीवनशैली



लोकगीत गायिका मैथिली ठाकुर इन दिनों अपने सुरों और संगीत के लिए नहीं, बल्कि राजनीति में एंट्री करने को लेकर चर्चा में हैं। संगीत से राजनीति तक का सफर तय करने वाली मैथिली ठाकुर की यह यात्रा लोक की आवाज को सत्ता के गलियारों तक पहुंचा सकती है। लोक-गायिका मैथिली ठाकुर सादगी और संस्कृति से जुड़ी छवि के लिए जानी जाती हैं। उनकी संगीत-यात्रा, सार्वजनिक प्रस्तुतियाँ और वर्तमान राजनीतिक सक्रियता ने उन्हें एक बहु-आयामी व्यक्तित्व बना दिया है। इस लेख में जानते हैं मैथिली ठाकुर के संगीत के संघर्ष से सियासत तक के सफर के बारे में। और ये सब हासिल करने के लिए मैथिली की दिनचर्या और जीवनशैली कैसी है।

### ● संगीत से पहचान, संघर्ष से सम्मान

बिहार के मधुबनी जिले के बेनीपट्टी गांव से निकलकर मैथिली ने साबित किया कि हुनर को मंच नहीं, मेहनत चाहिए। उनके पिता रमेश ठाकुर एक संगीत शिक्षक हैं और माता भारती ठाकुर ने अपने बच्चों के सपनों को सहेजने के लिए आर्थिक तंगी को कभी बाधा नहीं बनने दिया। बाल्यावस्था में ही मैथिली ने शास्त्रीय संगीत की तालीम ली और राइजिंग स्टार जैसे टीवी शो ने उन्हें देशभर में पहचान दिलाई। आज उनके भजन, लोकगीत और सूफियाना प्रस्तुतियाँ न सिर्फ भारत, बल्कि नेपाल और प्रवासी भारतीयों में भी लोकप्रिय हैं।

### ● मैथिली ठाकुर की दिनचर्या

मैथिली ठाकुर के बचपन से ही संगीत उनकी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया है कि जब वे छोटी थीं, तो अक्सर सुबह की शुरुआत संगीत अभ्यास (साधना) से होती थी। वे कहती हैं कि दिन के 24 घंटे में से लगभग वह अधिकांश समय संगीत को देती थीं।

### ● मैथिली ठाकुर की शिक्षा

शुरुआती पढ़ाई गांव से की, बाद में मैथिली का पूरा परिवार दिल्ली शिफ्ट हो गया, जहां उन्होंने बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल से 12वीं तक की पढ़ाई पूरी की। फिर दिल्ली यूनिवर्सिटी के आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज से स्नातक किया।

### ● संगीत और अभ्यास

संगीत मैथिली के जीवन का केन्द्र बिंदु है। लोक, भक्ति गीत, छठ गीत, पारंपरिक मैथिली गीतों के अलावा वे भोजपुरी और हिंदी गीतों पर भी काम करती हैं। अभ्यास के बाद कार्यक्रम-शोज़ (लाइव प्रोग्राम) और रिकॉर्डिंग करती हैं। सार्वजनिक और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वीडियो शेयरिंग उनके लिए नियमित गतिविधि है।

### ● मैथिली ठाकुर की आय और कुल संपत्ति

मैथिली ने कला से सम्मान अर्जित करने के साथ ही अपनी आय और कुल संपत्ति बनाई है। आज मैथिली ठाकुर भारत की सबसे चर्चित लोकगायिकाओं में से एक हैं। उनकी अनुमानित कुल संपत्ति लगभग 7 से 10 करोड़ रुपये बताई जाती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक कार्यक्रम या शो के लिए मैथिली 5-7 लाख रुपये तक फीस लेती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी पहुंच लाखों में है। यूट्यूब चैनल पर करोड़ों व्यूज़, और इंस्टाग्राम पर लाखों फॉलोअर्स हैं। उनकी कमाई का मुख्य स्रोत लाइव शो, यूट्यूब रेवेन्यू, और सांस्कृतिक कार्यक्रम हैं।

New Delhi

# Tejas Mark-1A: तेजस मार्क-1ए की पहली उड़ान आज, देश देखेगा स्वदेशी की उन्नत दम, राजनाथ सिंह रहेंगे मौजूद

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** लंबे इंतजार के बाद आखिर वह घड़ी आ गई जिसका वायुसेना को बेसब्री से इंतजार था। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की ओर से बनाया गया तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान आज नासिक में पहली उड़ान भरेगा। इस पहली उड़ान के बाद जल्द ही वायुसेना को दो नए विमान मिल जाएंगे। इस ऐतिहासिक मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहेंगे। वह एचएएल की तीसरी उत्पादन लाइन का औपचारिक उद्घाटन भी करेंगे। एचएएल की दो उत्पादन लाइनें बंगलूरू में स्थित हैं।

शुरुआत में वायुसेना को यह विमान दो साल



पहले ही मिल जाने चाहिए थे, लेकिन अमेरिकी इंजन वक्त पर न मिलने के कारण इनमें देरी हुई। इसके लिए वायुसेना प्रमुख ने भी एचएएल की आलोचना की थी। हालांकि एचएएल का कहना रहा है कि 10 तेजस मार्क1ए विमान बन कर तैयार हैं। अमेरिका से इंजन आते ही इनमें फिट कर दिए जाएंगे और ट्रायल के बाद यह विमान वायुसेना को सौंप दिए जाएंगे। अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक से एचएएल को चौथा इंजन इसी महीने मिला है। भारत ने इस कंपनी के साथ साल 2021 में 99 इंजनों की आपूर्ति के लिए 5,375 करोड़ रुपये का सौदा किया था। एलएएल की योजना 2026 से हर साल 30 तेजस लड़ाकू विमानों का निर्माण करने की है।

Uttarpradesh

## यूपी में भी हो सकता था राजस्थान जैसा कांड, एक्सप्रेसवे पर जल उठी बस; सवार थे 50 यात्री



**ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी) राजस्थान जैसा कांड यूपी में भी हो सकता था। गनीमत रही कि आग अंदर तक नहीं पहुंची और करीब 50 यात्रियों की जान बाल-बाल बच गई। गौतमबुद्ध नगर जिले के दनकौर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर गुरुवार रात एक चलती लग्जरी बस में आग लग गई। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।**

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि निजी बस पंजाब के लुधियाना से आगरा जा रही थी और उसमें करीब 50 यात्री सवार थे। उन्होंने कहा कि बस जब यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते ग्रेटर नोएडा से गुजर रही थी, तभी उसकी छत पर रखे सामान में भीषण आग लग गई। चालक ने आग का पता चलते ही बस रोक दी और यात्री बाहर आ गए।

अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जांच के मुताबिक, दिवाली से पहले की जा रही आतिशबाजी की वजह से चिंगारी चलती बस की छत पर गिरी जिसके कारण आग लग गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग इसके साथ राजस्थान में हुए हादसे का जिक्र करते हुए यात्रियों की जान बचने पर ऊपरवाले का आभार जता रहे हैं।

मंगलवार को राजस्थान के जैसलमेर में एक एसी बस में आग लग जाने से 21 यात्रियों की दर्दनाक तरीके से मौत हो गई तो एक दर्जन से अधिक लोग बुरी तरह झुलस गए।

New Delhi

## भारत में बच्चों के खिलाफ यौन अपराध 94% बढ़े

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत में बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों में 2017 से 2022 तक 94 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड अगेंस्ट सेक्सुअल ऑफिस (POCSO) एक्ट के तहत दर्ज होने वाले ऐसे केस 33,210 से बढ़कर 64,469 हो गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि बढ़ते आंकड़ों के बावजूद सजा की दर 90 प्रतिशत से ज्यादा बनी हुई है, जो मजबूत कानूनी कार्रवाई और रिपोर्टिंग सिस्टम को दिखाता है। चाइल्डलाइट ग्लोबल चाइल्ड सेफ्टी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट 'इंटू द लाइट इंडेक्स 2025' में कहा गया है कि अपराध आंकड़ों में पारदर्शिता से निगरानी और तेज कार्रवाई आसान होती है। रिपोर्ट इसे वैश्विक स्तर पर मानवीय त्रासदी बता रही है। 2012 में बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए भारत में POCSO कानून लाया गया था। पहले 2017 में 33,210 मामले दर्ज हुए थे, जो 2022 तक दोगुने से ज्यादा हो गए। रिपोर्टिंग बढ़ने का मतलब है कि लोग अब चुप नहीं रहते, लेकिन वास्तविक मामले इससे कहीं ज्यादा हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत, नेपाल और श्रीलंका में सर्वे से पता चला कि आठ में से एक बच्चा 18 साल से पहले यौन हमले या बलात्कार की शिकायत करता है।

Chhattisgarh

## सात दशक बाद दो इलाके नक्सल फ्री

**रायपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में एक ऐतिहासिक पल आया है। शुक्रवार को 170 से ज्यादा नक्सली कैडर पुलिस, सुरक्षा एजेंसियों और राज्य सरकार के सामने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे नक्सलवाद के खिलाफ जंग में एक अहम दिन बताया। उन्होंने कहा कि जो अबूझमाड़ और उत्तरी बस्तर कभी नक्सलियों का अड्डा हुआ करते थे, वे अब नक्सली आतंक से मुक्त घोषित कर दिए गए हैं।

यह बड़ी घटना छत्तीसगढ़ के बस्तर के तीन जिलों में 78 नक्सलियों के आत्मसमर्पण के एक दिन बाद हुई। गुरुवार को बीजापुर जिले के एक दूरदराज के गांव में बने कैंप में 110 और नक्सली अपने हथियार लेकर पहुंचे और आत्मसमर्पण किया। कई और नक्सली अभी भी रास्ते में थे। इससे पहले उन्हें जंगलों से निकलकर खेतों को पार करते हुए सुरक्षा कैंपों की ओर लंबी कतारों में मार्च करते देखा गया था। बस्तर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, क्योंकि नक्सली अलग-अलग समूहों में विभिन्न दिशाओं से आ रहे हैं। अमित शाह ने अपने एक्स हैंडल पर जानकारी दी कि जनवरी 2024 में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद से अब तक 2100 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, 1785 को गिरफ्तार किया गया है और 477 को मार गिराया गया है। इससे पहले, कांकेर में करीब 50 नक्सलियों, सुकमा में 27 और कोंडागांव में एक नक्सली ने आत्मसमर्पण किया था। शाह ने बताया कि शुक्रवार को छत्तीसगढ़ में 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इससे एक दिन पहले राज्य में 27 नक्सलियों ने हथियार डाले थे। महाराष्ट्र में बुधवार को 61 नक्सलियों ने मुख्यधारा में वापसी की। कुल मिलाकर, पिछले दो दिनों में 258 अनुभवी वामपंथी उग्रवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है।

खेल

# विमेंस वनडे वर्ल्ड कप- डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंचा

### बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया, कप्तान एलिसा हीली की 73 गेंद पर सेंचुरी

**विशाखापट्टनम, (एजेंसी)** विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। टीम ने गुरुवार को विशाखापट्टनम में बांग्लादेश को 10 विकेट से हरा दिया। डॉ वायएस राजशेखर स्टेडियम में बांग्लादेश ने बैटिंग चुनी और 9 विकेट खोकर 198 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 24.5 ओवर में बगैर विकेट गंवाए ही टारगेट हासिल कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान एलिसा हीली ने लगातार दूसरी सेंचुरी लगाई। उनका शतक महज 73 गेंद पर आया। यह वर्ल्ड कप की दूसरी फास्टेस्ट सेंचुरी रही। वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डॉटिन 71 गेंद पर शतक लगा चुकी हैं। ऑस्ट्रेलिया से फीबी लिचफील्ड ने 84 रन बनाए।

मजबूत शुरुआत के बाद बिखरी बांग्लादेश टॉस जीतकर



पहले बैटिंग करने उतरी बांग्लादेश ने 32 रन पर पहला विकेट गंवाया। फरगाना हक 8 रन बनाकर आउट हुईं। यहां से रुबिया हैदर ने शर्मिन अख्तर के साथ टीम को 70 के पार पहुंचा दिया। रुबिया 44 रन बनाकर आउट हुईं। यहां से टीम ने लगातार विकेट गंवाने शुरू कर दिए। शर्मिन 19, कप्तान निगर सुल्ताना 12, शोरना अख्तर 7, ऋतु मोनी 2, फहीमा खातून 4, राबेया खान 6 और निशिता अख्तर निशी 1 रन बनाकर आउटड हुईं। सोभना आखिर तक टिकी रहीं। उन्होंने 66 रन बनाए और टीम को 198 रन तक पहुंचा दिया। अलाना-वेयरहम को 2-2 विकेट ऑस्ट्रेलिया के लिए लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहम ने 22 रन देकर 2 विकेट लिए। अलाना किंग ने 4 मेडन ओवर फेंके, 10 ओवर में 18 रन दिए और 2 विकेट भी झटक लिए। ऑफ स्पिनर एश्ले गार्डनर और तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को भी 2-2 विकेट मिले। डार्सी ब्राउन कोई विकेट नहीं ले सकीं। वहीं मेगन शट को 1 विकेट मिला। ऑस्ट्रेलिया की ओपनर्स ने 25 ओवर में ही टारगेट हासिल किया 199 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया विमेंस को ओपनर्स ने ही जीत दिला दी। एलिसा हीली और फीबी लिचफील्ड ने 10 ओवर में स्कोर 78 रन तक पहुंचा दिया। 14वें ओवर में टीम की सेंचुरी पूरी हो गई। 20 ओवर के बाद स्कोर 145 रन रहा और 24.5 ओवर में टीम ने जीत हासिल कर ली। बांग्लादेश से किसी गेंदबाज को विकेट नहीं मिला।

सिनेमा

## कपिल शर्मा के कनाडा वाले कैफे पर तीसरी बार फायरिंग, बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी




कपिल शर्मा के "कैप्स कैफे" पर एक बार फिर गोलीबारी हुई है। यह तीसरी बार है जब कॉमेडियन के कनाडा स्थित कैफे को निशाना बनाया गया है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों और कुलवीर सिद्धू (नेपाली) ने गोलीबारी के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर हमले की जिम्मेदारी ली है। बता दें, इससे पहले भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ही कपिल के कैफे पर दो बार फायरिंग करवाई थी। फायरिंग के बाद लारेंस गैंग ने लिखा, "वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह। आज जो कैप्स कैफे में तीन बार फायरिंग हुई है, उसकी जिम्मेदारी मैं, कुलवीर सिद्धू और गोल्डी ढिल्लों लेते हैं। हमारी आम जनता से कोई दुश्मनी नहीं है। जिनसे हमारा झगड़ा है, वो हमसे दूर रहें। जो लोग अवैध काम करते हैं, लोगों से काम करवा कर पैसे नहीं देते हैं, वो भी तैयार रहें। जो भी बॉलीवुड में धर्म के खिलाफ बोलते हैं, वो भी तैयार रहें। गोली कहीं से भी आ सकती है। वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह।" कैफे पर कम से कम तीन राउंड गोलियां चलाई गई हैं। हालांकि, अच्छी बात ये है कि किसी के भी घायल होने की खबर सामने नहीं आई है।

## Highlights

1. What are Prashant Kishor's predictions for Bihar assembly polls?
2. ‘BJP has no respect for BCs,’ alleges MLA Raja Singh
3. India reaffirms support for Palestine, pushes two-state plan
4. Elvish faces ED chargesheet over using protected species in videos
5. General fled before polls, what will happen to army: BJP to Kishor
6. TCS employee's Diwali leave cancelled last minute, internal chat surfaces

# India’s growth story under PM Modi rests on three strong pillars: Piyush Goyal




**NEW DEIHI, (Agency).** India’s growth story under the leadership of Prime Minister Narendra Modi rests on three strong pillars -- strong macroeconomic fundamentals, modern infrastructure, and improved quality of life, Union commerce and industry minister Piyush Goyal said on Thursday.

Speaking about the first pillar, he said the government has maintained low inflation, ensured consistent growth, fortified the banking system, and built one of the strongest foreign exchange reserve positions in the world. With $700 billion in foreign exchange reserves, India is among the top five countries globally in terms of forex strength, he said while addressing the India-Brazil Business Dialogue in New Delhi.

These strong macroeconomic fundamentals provide the threshold for the country to pursue ambitious growth targets and accelerate its development journey, he said. The meeting was attended by Brazil’s Vice President Geraldo Alckmin and defence minister José Múcio Monteiro Filho.

According to the latest government data, India’s retail inflation rate fell to 1.54% in September 2025, an eight-year low. Its real gross domestic product (GDP) growth rose to a five-quarter high of 7.8% April-June quarter of 2025-26. The International Monetary Fund (IMF) raised India’s growth forecast by 0.2 percentage points to 6.6% for FY26, acknowledging its strong growth momentum despite high US tariffs on Indian merchandise. Goyal said India was the fastest-growing large economy in the world for the past four years and expressed confidence that India would continue this momentum for at least the next two decades.

The second pillar, according to Goyal, is the good infrastructure, which is the “foundation of competitiveness and a driver of equitable growth” across India. Investments in infrastructure not only improve connectivity and reduce logistics costs but also strengthen India’s ability to expand businesses and create jobs, he said.

# Zepto gets $450-million funding in run-up to a likely IPO next year

**NEW DEIHI, (Agency).** Zepto Pvt. Ltd. has raised a mammoth round of funding ahead of a likely IPO next year, and amid a market-share battle with Swiggy Ltd.'s Instamart and Blinkit owned by Eternal Ltd.

The company, founded by Aadit Palicha and Kaivalya Vohra, has raised $450 million (about ₹4,000 crore) from new and existing investors, including US-based pension fund California Public Employees' Retirement System, General Catalyst, Goodwater Capital and Lightspeed, according to a statement on Thursday (16 October 2025). “We now have approximately $900 million of net cash in bank and more than well-capitalised for the future,” CEO Palicha said in the statement. Zepto valuation- Zepto's latest funding round pegs its valuation at $7 billion, up from $5 billion at its previous fundraising last year. That compares with Eternal Ltd.'s market capitalisation of $34 billion and $11 billion of Swiggy Ltd.

# परीक्षा रुकवाने के लिए फैला दी प्रिंसिपल की मौत की अफवाह

**इंदौर**। होलकर साइंस कॉलेज की प्राचार्य की झूठी मौत की खबर फैलाने के मामले में भंवरकुआं पुलिस ने दो छात्रों के खिलाफ FIR दर्ज की है। यह कार्रवाई बुधवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन की शिकायत पर की गई है।

पुलिस के अनुसार, मयंक कछावा निवासी स्कीम नंबर 78 और हिमांशु जयसवाल निवासी मालवा मिल दोनों बीसीए थर्ड सेमेस्टर के छात्र हैं। इन पर प्राचार्य की झूठी मौत की खबर बनाकर उसे वॉट्सऐप के जरिए कई लोगों तक भेजने का आरोप है। पुलिस अधिकारी एसआई नीलमणि ठाकुर ने बताया कि यह खबर इतनी तेजी से फैली कि कॉलेज के कई स्टाफ और छात्रों में भ्रम की स्थिति बन गई। डॉ. अनामिका जैन ने थाने में लिखित आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि होलकर साइंस कॉलेज की स्थापना को 134 साल हो चुके हैं और वर्तमान में यहां लगभग 12,000 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। 15 अक्टूबर को कॉलेज में CCA परीक्षा आयोजित होनी थी। इस बारे में नोटिस बोर्ड के माध्यम से छात्रों और प्रोफेसरों को सूचित किया गया था। लेकिन 14 अक्टूबर की रात, कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. नागेश, एचओडी डॉ. अर्पणा और एक छात्र आलेख ने उन्हें कॉल कर उनका हालचाल पूछा। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वॉट्सऐप पर उनके स्वर्गवास की झूठी खबर वायरल हो रही है, जिसके कारण परीक्षा रद्द होने की अफवाह भी फैल गई है। इसके बाद प्राचार्य ने स्वयं कॉलेज स्टाफ को वॉट्सऐप पर मैसेज भेजकर जानकारी दी कि यह खबर भ्रामक और झूठी है। जांच के दौरान पता चला कि यह मैसेज मयंक और हिमांशु ने बनाया और फैलाया था। इसके बाद दोनों के खिलाफ थाने में शिकायत की गई।

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और मारपीट, एफआईआर दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **हीरानगर पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और मारपीट के मामले में आरोपी श्रीराम उर्फ लक्की चौहान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और छेड़छाड़ की धाराओं में कार्रवाई की गई है।**

पीड़िता ने बताया कि वह उसी मकान में अपने परिवार के साथ रहती है, जहां आरोपी भी किराएदार के रूप में रहता है। बुधवार को जब उसके माता-पिता घर पर नहीं थे, तब आरोपी ने बहाना बनाकर उसे अपने कमरे में बुलाया और कहा कि उसका बच्चा पत्नी को परेशान कर रहा है और घर का काम नहीं करने दे रहा, इसलिए मदद कर दे।पीड़िता जब कमरे में पहुंची तो वहां आरोपी की पत्नी मौजूद नहीं थी। इसी दौरान श्रीराम ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया और गलत तरीके से पीड़िता को छूने लगा। आरोपी की हरकतों से घबराई पीड़िता दरवाजा खोलकर भागकर अपने घर पहुंची। पीड़िता ने तुरंत मोबाइल पर अपनी मां को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक